तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

13 संत चाहे कोई भी हो वह हमेशा पूजनीय होता है ...

14 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर जागरूकता संगोष्ठी,...




# रोजगार का चाक पड़ा धीमा, कुम्हारों की मुश्किलें बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

आधुनिकता की दौड़ और बदल रही ट्रेंड से गर्मियों में ठंडा पानी के लिये सदियों से उपयोग में लाया जाने वाल मिट्टी के मटके, सुराही तथा गगरों का अस्तित्व खोने लगा है। इसकी जगह अब फ्रिज, वाटर कूलर, पानी की बोतलें ने ले ली है।

लगातार मांग कम होने और लागत बढ़ते के कारण मिट्टी के बर्तनों का निर्माण करने वाले कुम्हार के सामने अब रोजी रोटी का संकट भी मंडराने लगा है। कुम्हारों को अब सिर्फ दीपक का सहारा है। इनका कहना है कि दीपावली के समय बिकने वाले दिये ही उनके परपरागत व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायक हो रहा है। इसके अलावा अन्य उत्पादों की बिक्री एकदम से घट चुकी है। मटके के पानी के जानकार अब भी गर्मियों में फ्रिज की जगह मटकों का ही उपयोग करते हैं, उनका कहना है मटके का पानी किसी अमृत से कम नहीं है। जो मटके के पानी का फायदा जानते हैं वे मटकों की दून पहुंचकर खदीदारी कर रहे हैं। साप्ताहिक बाजार में सजी मिट्टी के बर्तनों की खरीददारी हो रही है। मिट्टी के बर्तनों का बिकने का कारण एक यह भी है कि, गर्मी में ठंडा पानी पीने के लिए सबसे सस्ता और हर जगह उपलब्ध होने वाला साधन है। पुरातन समय में मिट्टी के ही बर्तन का

▶▶ शेष पेज 13 पर

## खरीददारों की कमी के चलते संकट में कुम्हारों की रोजी रोटी

### मटके का पानी काफी फायदेमंद : डॉक्टर

डॉक्टरों का कहना है कि मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है। वर्तमान समय में भले ही लोग गले की तरावट के लिये अनेक तकनीक का सहारा ले रहे हैं। लेकिन मटके का पानी शरीर के लिए फायदेमंद है। पानी नो साइड इफेक्ट वाला होता है। गरम, ठंडा से होने वाली बीमारी का खतरा नहीं रहता।

### आधुनिकता ने किया व्यवसाय को प्रभावित

मटका बनाने वाले हीरालाल कुम्हार का कहना है कि आधुनिकता ने इस व्यवसाय को काफी प्रभावित किया है लोग अब फ्रिज के पानी से काम चला रहे हैं। पहले की अपेक्षा वर्तमान में मटके की डिमांड कम हो गई है। इस कारोबार में 50 फीसदी तक की गिरावट देखने को मिली है ।



## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में एक घर की बाड़ी से बसना पुलिस ने शराब जब्त किया है। पुलिस ने 25 अप्रैल को आरोपी गणेश राम खुटे पिता दिलीप खुटे (34 साल) उडेला चौकी भंवरपुर के कब्जे से महुआ शराब कुल 6 लीटर कीमत 1200 रुपए को जब्त कर आरोपी के धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम मेमरा में झसकेतन भोई अपने घर के सामने में लोगों को शराब पीने-पिलाने का साधन उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### एक्सीडेंट में युवक मृत

**महासमुंद।** मोंगरापाली सराईपाली के बीच मोड़ के पास एक बाइक सवार को ईको वाहन ने टक्कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में तेंदूकोना थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक नेमीचंद साहू पिता माधोराम साहू (35 वर्ष) ग्राम घोघरा थाना तेंदूकोना अपनी मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 04 सीवी 9833 से बागबाहरा से अपने गांव घोघरा वापस आ रहा था। मोंगरापाली सराईपाली के बीच मोड़ के पास तेंदूकोना की ओर से आ रही मारूति सुजुकी ईको क्र. सीजी 04 क्यूबी 3081 के चालक तेजी एवं लापरवाही से अपनी गाड़ी को चलाते आकर बाइक को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे आई गंभीर चोंट के कारण युवक की मौत हो गई।

### सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन 30 को

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 अप्रैल बुधवार को भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष कमलनारायण तिवारी ने बताया कि भगवान की पूजा अर्चना दोपहर 12 बजे एवं भोजन प्रसादी दोपहर 1 बजे होगा।

**उपक्रम :** नहर के माध्यम से तालाब में भर रहे पानी, मिलेगी राहत

# युवाओं का सराहनीय प्रयास: नहर से नाली बनाकर तालाब में पहुंचाया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

गर्मी के मौसम में आम जनता को होने वाली समस्या को देखते हुए गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया है। जिससे शहर सहित गांव के निस्तारी तालाबों को भरा जा रहा है। इससे ग्रामीणों को निस्तारी संकट से राहत मिलेगी। इस वर्ष गत वर्षो की अपेक्षा ज्यादा गर्मी पड़ रही है। तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया है। वही, तेजी से बढ़ रहे गर्मी की वजह से तालाब भी तेजी से सुख रहे है। गांव-गांव में निस्तारी के लिए संकट उत्पन्न हो गया है। जहा से नहर की सुविधा है, वहा पर नहर से तालाबों को भरा जा रहा है, लेकिन जिन क्षेत्रें में नहर की सुविधा नहीं है, वहां के तालाब सुखे पड़े हुए है। निस्तारी संकट के लिए ग्रामीणों को काफी जुझना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत कोरदा के युवाओं के द्वारा निस्तारी संकट की स्थिति को देखते हुए लवन नहर लाइनिंग से खेतों से होकर कोरदा के बड़े डबरी तालाब को भरा जा रहा है। ग्रामीण युवाओं ने निस्तारी की समस्या को देखते नहरों के पानी से तालाब भरने का प्रयास किया जा रहा है। यह प्रयास ग्रामीणों की जल की आवश्यकता को पूरा करने और तालाबों को फिर से भरने में मदद करने के लिए किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी में तालाब तेजी से सुख रहे थे। निस्तारी की विकट समस्या उत्पन्न होने लगी थी। निस्तारी की समस्या को गांव के युवकों की टोली सामने आई और लगभग पांच सौ मीटर दूर नहरों से खेतों के रास्ते से नाली बनाकर तालाब को भरा जा रहा है। इससे गांव के ग्रामीणों ने काफी राहत की सांस ली।

## तालाब में पानी भरने का प्रयास से किसानों को राहत की उम्मीद



### पानी चोरी पर रोक लगाए पंचायत

युवकों ने बताया कि गांव के कुछ ग्रामीणों के द्वारा गेहूं फसल एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पानी टुल्लू पम्प लगाकर खींच लेते है, और बाद में गर्मी के दिनों में निस्तारी के लिए संकट उत्पन्न होती है। जिस पर ग्राम पंचायत को रोक लगाने की आवश्यकता है। नहर से पानी को तालाब में भरने के लिए ग्राम कोरदा के युवाओं में सुन्दरलाल वर्मा, किरण वर्मा, राजू वर्मा, रामशंकर वर्मा, वेदा वर्मा, देवचरण वर्मा, गीता वर्मा, तालेश, देवेन्द्र वर्मा सहित इत्यादि का सहयोग रहा।

# बिना अनुमति के बोर खनन पर राजस्व टीम की बड़ी कार्रवाई, बोर वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन पर कड़ी कर्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को तहसील पलारी के ग्राम दतरेंगी में बिना अनुमति के बोर खनन करते पाए जाने पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा बोर खनन को प्रतिबंधित कर बोर वाहन को जब्त किया गया।

- बिना अनुमति खनन पर राजस्व टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई

एसडीएम पलारी दीपक निकुंज ने बताया कि रविवार को ग्राम दतरेंगी निवासी किसान पंचुराम निषाद के द्वारा अपने खेत में बिना अनुमति के बोर खनन कराया जा रहा था। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बोर खनन संबंधी दास्तावेज की मांग वाहन चालक धमेंद्र ठाकुर से की गई जिस पर अनुमति सबंधी कोई दास्तावे पेश नहीं करने पर बोर खनन प्रतिबंधित किया गया और पंचनामा तैयर कर बोर वाहन क्रमांक केए 01 एमपी 6945 को जब्त किया गया।




### 30 जून 2025 तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित

जब्त वाहन को थाना प्रभारी गिधपुरी के सुपुर्द किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा जिले को आगामी 30 जून 2025 तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इस अवधि में बिना सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति के नया बोर खनन प्रतिबंधित है। इस दौरान नायब तहसीलदार चुम्मन लाल ध्रुव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पृथ्वी दिवस पर इको क्लब फॉर लाइफ चला रहा स्कूलों में पर्यावरण जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा इको क्लब फॉर लाइफ के अंतर्गत देशभर के स्कूलों में प्रतिवर्ष की भांति, 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस का आ यो ज न किया गया। स्कूली छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदना एवं संरक्षण के मूल्य विकसित करने के लिए स्कूलों में गठित इको क्लब द्वारा 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

- क्यूआर कोड फॉर फ्लोरा इनीशिएटिव का किया गया आयोजन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पर्यावरण जागरूकता एवं उसके महत्व का स्कूली पाठ्यक्रम में एकीकरण के उद्देश्य पर जोर देते हुए स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा इको क्लब फॉर मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) का गठन कर स्कूलों में आगामी शैक्षणिक सत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन

▶▶ शेष पेज 13 पर



### पर्यावरण के प्रति छात्रों को जागरुक करना है उद्देश्य

इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य, छात्र-छात्राओं में विद्यालय प्रांगण में उपस्थित पेड़ पौधों के प्रति जागरूकता एवं उसके संरक्षण की समझ विकसित करना है। डिजिटल स्किल के माध्यम से पेड़ों में लगाए गए क्यूआर कोड का उपयोग कर कोई भी व्यक्ति उस पेड़ से संबंधित जानकारियां जैसे -पेड़ का प्रचलित नाम, वैज्ञानिक नाम एवं उस पेड़ की उपयोगिता संबंधी जानकारी,अपने मोबाइल पर क्षण भर में ही प्राप्त की जा सकती है। हायर सेकेंडरी स्कूल बेल्दार सिवनी के इको क्लब ने नीम, आम,पीपल, आंवला जैसे विभिन्न पेड़ों के क्यूआर कोड कंप्यूटर के माध्यम से जनरेट कर पेड़ों पर लगाए हैं।

# जुआ फड़ पर पुलिस की छापेमार कार्रवाई, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस ने छापामार कर 6 आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। वहीं जुआरियों से 28,600 रू नगदी जप्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सिमगा पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए समीपस्थ ग्राम ग्राम चुटचुटिया रोड के अमहा खार सिमगा में जुआ खेलते हुए 06 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है।आरोपी जुआरियों से नगदी 28,600 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है।

- जुआरियों से 28,600 रू नगदी बरामद

गिरफ्तार जुआरियों में राजकिशोर कसेर उम्र 36 वर्ष निवासी शीतला पारा सिमगा, सीताराम टोण्डे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना सिमगा, भुनेश्वर देवांगन उम्र 22

▶▶ शेष पेज 13 पर



**चुनाव के पुर्व भाजपा ने भी मतदाता सूची की जांच के लिए किया था आवेदन**

# समुदाय विशेष की बढ़ती संख्या पर नागरिकों ने जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर मे एक मजहब विशेष की बढ़ती संख्या को लेकर खरोरा के आम नागरिक जांच की मांग करते थाने मे सिकायत करने की कह रही है बात ज्ञात हो चुनाव के पुर्व भाजपा ने अचानक मतदाता सूची मे अंजान लोगों के नाम को लेकर तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया था।

प्राप्त जानकारी अनुसार खरोरा और थाना क्षेत्र केआस पास के गांव मे बडे बडे उद्योग खुल जाने के चलते प्रवासीय लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है और बाहर से आये लोग खरोरा सहित आस पास गांव मे किराए के मकान मे शरण लेकर रह रहे है इस गंभीर विषय मे जहां मकान मालिक किराए के कानूनी प्रक्रिया के जाने बगैर बाहरी लोगों के किराए मे मकान उपलब्ध करा रहे है जिसका फायदा बाहरी उठा रहे है इस बीच नगर मे एक समाज विशेष की बाहरी लोगों की बढती संख्या को लेकर नगर मे इसी जमात के खरोरा के पैदासी लोग भी अचंभित है।

इस संबंध मे खरोरा के पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी पार्षद तोरण ठाकुर सहित समाज सेवीयों के साथ अन्य भाजपा नेताओ ने राज्य मे कांग्रेस सरकार के समय अचानक खरोरा क्षेत्र एक समाज विशेष की बढती संख्या और मतदाता सूची मे नाम दर्ज होने पर सिकायत की थी लेकिन चुकी समय निकल जाने कोई निर्णय नही हो पाया अब जब देश के विभिन्न राज्यों मे विदेशी नागरिकों की पहचान कर कार्यवाई की जा तो छत्तीसगढ मै इसी तरह के पहचान कार्यवाई करने की मांग बढ रही है।



### घुसपैठ की आशंका को नाकारा नहीं जा सकता

बंगाल की तर्ज पर रोहिंग्या व बंगलादेशीयो की नगर व नगर के आसपास ग्रामीण इलाकों में इन लोगों के अवैधानिक घुसपैठ की आशंका को नाकारा नहीं जा सकता। अचानक क्षेत्र में बढ़ती अपराधिक घटनाओं व नशे के करोबार के पिछे नहीं अवाछिंत प्रवासायो की सहभागिता से इंकार नहीं किया जा सकता।

### पुलिस कर रही है जांच

थाने मे सिकायत लेकर आये नरेन्द्र ठाकुर ने पुलिस शासन से मांग की है खरोरा थाना क्षेत्र औद्योगिक कारखाने मे अवैध रूप से बंग्लादेश सहित रोहग्या मुसलमान संदिग्ध रूप रहे है। पहलगाम मे आतंकवादी द्वारा चिन्हित कर हत्या करने वालो के खिलाफ पूरे देश मे गुस्सा का महौल है। जिसे देखते हुए हमने भी खरोरा क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर आवेदन दिया है वहीं आवेदन देने आए विकास ठाकुर ने कहा की खबर सहित आसपास क्षेत्र में अवैध रूप से बांग्लादेशी सहित अन्य लोग रह रहे हैं जिन्हें चिन्हाकित कर कार्रवाई की मांग को लेकर करने आया है ।

# पुल के पास जानलेवा गड्ढा आए दिन हो रहे हैं हादसे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुण्डा

मुंडा मेन रोड से बरदा पैजनी जाने वाला रोड ढनढनी के आगे नाला में पुल बना हुआ है जिसमें जर्जर खराब हो गया है रोड के दोनों तरफ 5 फीट गहरा गड्ढा हो गया है जिससे आए दिन हादसा हो रहा है फिर भी पीडब्ल्यूडी विभाग कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ध्यान नहीं देने पर बड़ा हादसा होने से कोई टाला नहीं जा सकता है।

